हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण

ISO 9001:2008

प्रीत विहार, दिल्ली रोड, हापुड़–245101. ☎ 0122–2308764–65
वेबसाइटः www.hpdaonline.in, ई–मेलः hpda_1@rediffmail.com

पत्रांक 138/मुख्य अभि0/एच0पी0डी0ए0/2022 दिनांकः 11.07.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण में पंजीकृत/विशिष्ट श्रेणी के ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.hpdaonline.in से निविदा तिथि से एक दिन पूर्व अपराहन 2 बजे तक डाउनलोड अथवा अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकेंगे एवं सचिव कार्यालय, मुख्य अभियन्ता कार्यालय, वित्त नियंत्रक कार्यालय हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण में रखे निविदा बॉक्स में स्तम्भ (8) में अंकित तिथि को अपराहन 3 बजे तक डाले जा सकेंगें अथवा रजिस्टर्ड डाक से 3.00 बजे तक भेजे जा सकते है। परन्तु निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। प्राप्त निविदाएं निविदा डालने की तिथि को अपराहन 3:30 बजे ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों (यदि उपस्थित हुए) के समक्ष प्राधिकरण सभाकार में खोली जायेगी

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु.धनराशि (रू.लाख में)	निविदा मूल्य (रू.में)	धरोहर राशि (रू.में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	श्रेणी	निविदा डालने की दिनांक
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
1	उद्यान अनुभाग के अर्न्तगत प्राधिकरण विकास क्षेत्र में उद्यानीकरण व जंगल घास–कटाई, छटाई इत्यादि कार्यों के लिए 3 माह की अवधि हेतु श्रमिकों की आपूर्ति का कार्य।	3.67	590.00	18,500.00	03 माह	श्रेणी–डी (उद्यान)	22.07.2022
2	आनन्द विहार आवासीय योजना के ब्लॉक ए में स्थित भूखण्ड संख्या ए–134 से ए–137 के सामने अपूरे निर्मित पार्क में उद्यानीकरण एवं अनुरक्षण का कार्य।	3.85	590.00	19,300.00	13 माह	श्रेणी–डी (उद्यान)	22.07.2022

नियम व शर्तेः–

1. निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि केवल RTGS/NEFT/FDR के रूप मे जो उपाध्यक्ष हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण के पक्ष में बंधक हो प्रस्तुत करने पर संबंधित अधिशासी अभियन्ता, वित्त नियंत्रक एवं केनरा बैंक एच0पी0डी0ए0 शाखा से कालम (8) में अंकित तिथि से एक दिन पूर्व अपराहन 2:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।
3. सशर्त निविदा मान्य नही होगी। निविदा देने से पूर्व निविदादाता स्थल का निरीक्षण अवश्य कर ले। किसी भी विवाद की स्थिति में उपाध्यक्ष हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण का निर्णय अन्तिम होगा।
4. श्रम विभाग हापुड़ में भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार अधिनियम 1996 के अर्न्तगत पंजीकरण सुनिश्चित करना होगा एवं उक्त के साथ साथ कार्य के दौरान यदि किसी श्रमिक की कार्य स्थल पर मृत्यु होती है, या गम्भीर क्षति पहुचती है तो उस स्थिति में सन्निर्माण कर्मकार अपने अधीन नियोजित श्रमिक को कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम 1923 के प्राविधानों के अनुसार प्रतिकर देने के लिए उत्तरदायी होगा।
5. ठेकेदार को श्रमिकों के नियमानुसार ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0सी0 के प्राविधानों एवं सुरक्षा उपायों का अनुपालन करना होगा
6. विशिष्ट श्रेणी का तात्पर्य–कार्य हेतु प्राधिकरण में पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, परंतु समान प्रकृति के कार्य का अनुभव होना आवश्यक है।
7. निविदा संबंधित सूचना प्राधिकरण वेबसाईट www.hpdaonline.in पर उपलब्ध है। इच्छुक निविदा दाताओं से अनुरोध है कि वे नियमित रूप से उक्त वेबसाईट को देखते रहें। निविदाओं के संबध में कोई परिवर्तन/परिवर्धन विषयक सूचना प्राधिकरण की वेबसाईट पर ही उपलब्ध करायी जायेगी।

11.07.22

मुख्य अभियन्ता
हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण
हापुड़

पृष्ठांकन– तदैव।
प्रतिलिपिः

01. सचिव/वित्त नियंत्रक को सूचनार्थ प्रेषित।
02. अधिशासी अभियंता (सिविल),एवं प्रभारी उद्यान को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
03. संबंधित सहायक अभियंता को निविदा प्रपत्र सॉफ्ट कॉपी में नियत तिथि से 2 दिन पूर्व अवर अभियंता तकनीकी को उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

मुख्य अभियन्ता